

# प्रोत्साहन योजना से कोदो कुटकी खरीदी केंद्र की हुई स्थापना

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 दिसम्बर. दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित रघुराज नगर कृषक उत्पादक संगठन द्वारा रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना अंतर्गत कोदो कुटकी खरीदी केंद्र की स्थापना कृषि उपज मंडी नागोद में की गयी।**

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं नानाजी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। इस अवसर पर नागोद विधायक नागेन्द्र सिंह, किसान मोर्चा सतना के जिलाध्यक्ष कृष्णा पाण्डेय, उप संचालक कृषि सतना आशीष पांडे एवं दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र, मझगवां के प्रसार वैज्ञानिक पंकज शर्मा, प्रक्षेत्र सहायक अभिषेक गौतम साथ ही रघुराजनगर कृषक उत्पादक संगठन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रिंस पांडे, पीयूष सिंह निदेशक, लेखाकार व कृषकों की उपस्थिति रही।



कृषि विज्ञान केंद्र, मझगवां के प्रसार वैज्ञानिक पंकज शर्मा ने बताया कि जिले में पहली बार कोदो कुटकी खरीदी केंद्र की स्थापना की गई है एवं खरीदी का कार्य कृषक उत्पादक संगठन को पहली बार प्राप्त हुआ है?। जिससे जिले के कृषक बंधुओं को श्री अन्न का उचित मूल्य प्राप्त होगा साथ ही कृषक उत्पादक संगठन के माध्यम से यह कार्य होने से किसान बंधुओं एवं संगठन के सदस्यों ने मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त किया है.

नागोद विधायक नागेन्द्र सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं और इस योजना से सीधे तौर पर श्री अन्न उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी। आज देश की आबादी को श्री अन्न की आवश्यकता है। किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष कृष्णा पांडे ने सरकार का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस योजना से क्षेत्र के किसानों के श्री अन्न उत्पादन को बढावा मिलेगा साथ ही सही मूल्य प्राप्त होगा।



# स्कूली बच्चों से भरी बोलेरो नाले में उतरी

## खामा खूझा के निकट की घटना

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 दिसम्बर. मंगलवार सुबह एक गंभीर हादसा होते होते तब टल गया जब बच्चों को स्कूल ले जा रही एक बोलेरो सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खाम्हा खूजा के पास नाले में जा घुसी। वाहन में क्षमता से अधिक 20 से 25 बच्चे सवार थे, लेकिन सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और किसी को चोट नहीं आई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना सुबह लगभग 11 बजे हुई। शिवम हाई स्कूल के बच्चों को उनके घरों से स्कूल ले जा रही बोलेरो का स्टेयरिंग अचानक फेल हो गया। इसके कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नाले में उतर गया। घटना होती देख वहां पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। उन्होंने तत्परता दिखाते हुए बोलेरो में फंसे सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस हादसे में किसी भी बच्चे को गंभीर चोट नहीं आई।

इस घटना ने स्कूल प्रबंधन और वाहन चालक की लापरवाही को उजागर किया है, क्योंकि वाहन में निर्धारित क्षमता से कहीं अधिक बच्चे सवार थे।

### फिर उजागर हुई लापरवाही

यह तो गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई, लेकिन घटना ने स्कूल प्रबंधन और वाहन चालक की गंभीर लापरवाही को उजागर कर दिया है। स्थानीय लोग चालक की लापरवाही को देख आक्रोशित हो गए और जमकर लताड़ लगाई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बोलेरो अचानक मुड़ी और सीधे नाले में उतर गई। अगर वाहन की रफ्तार तेज होती या सामने से कोई वाहन आ रहा होता, तो एक बड़ी अनहोनी हो सकती थी।

# स्टोर प्रभारी ने गायब किए 23 लाख के उपकरण

## चोरी की झूठी कहानी का पुलिस की जांच में हुआ खुलासा

नवभारत न्यूज

**सतना 9 दिसंबर. मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र में स्थित बाणसागर जल विद्युत गृह के झिन्ना पावर हाउस के स्टोर रुम से 23.64 लाख रु की विद्युत सामग्री की चोरी की कहानी झूठी साबित हुई.**

पुलिस और फोरेंसिक टीम ने सिलसिलेवार तथ्य सामने रखते हुए झूठी कहानी की कलई खोल कर रख दी. जिसके चलते तत्कालीन और वर्तमान दोनों स्टोर प्रभारी के विरुद्ध चोरी की मनगढ़ंत घटना बताकर आपराधिक न्यास भंग करने का अपराध दर्ज कर लिया गया है.

पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश सिंह से प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर थाना क्षेत्र में स्थित बाणसागर जल विद्युत गृह कमांक 4 के झिन्ना पावर हाउस के स्टोर रुम में चोरी की घटना सामने आई थी. जिसकी शिकायत म प्र पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के सहायक यंत्री और सिलपरा एवं झिन्ना के भण्डार प्रभारी अंकित सोनी द्वारा की गई थी. स्टोर प्रभारी अंकित सोनी द्वारा अपनी शिकायत में यह बताया गया कि जल विद्युत गृह क. 4 के झिन्ना पावर हाउस स्थित स्टोर रुम मेंरखे कीमती विद्युत उपकरण चोरी हो गए. स्टोर प्रभारी द्वारा बताया गया अज्ञात चोरों ने पीछे की दीवार से चढ़कर स्टोर में रखे विद्युत उपकरणों को खिड़की की जाली से नीचे फेंक दिए और फिर उसे अपने साथ ले गए. स्टोर से चोरी गए विद्युत उपकरणों की कुल कीमत 23 लाख 64 हजार 695 रु बताई गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्युत गृह झिन्ना की जांच विभागीय स्तर पर 4 सदस्यीय दल द्वारा शुरु की गई. विभागीय जांच रिपोर्ट में घटना में किसी विभागीय व्यक्ति की संलिप्तता पाई गई. मामले में पेंच फंसता देख पुलिस अधीक्षक मैहर स्वयं मौके पर पहुंच गए और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद रामनगर थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इतना ही नहीं बल्कि चोरी की घटना संदिग्ध नजर आने पर फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया. फोरेंसिक प्रभारी महेंद्र पटेल ने भी घटनास्थल की बारीकी से जांच करने के बाद अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की.




पुलिस और फोरेंसिक टीम की जांच में यह सनसनीखेज खुलासा सामने आया कि बाहर से आए चोरों द्वारा विद्युत उपकरण चुरा ले जाने के बजाए विभागीय अधिकारियों की साठ-गांठ से चाबी से ताल खोलकर उपकरण बाहर निकाले गए हैं.

### घटना का हुआ रिक्रियेशन

पुलिस-फोरेंसिक टीम की जांच में यह तथ्य सामने आया कि जिस खिड़की से चोरी का सामान फेंकने की बात कही गई थी. उसकी जाली जंग खाई हुई थी और जाली को काटने के ताजा निशान नहीं थे. खिड़ी से जमीन की ऊंचाई 35 फीट थी. जहां से दीवार पर चढ़ने और स्टोर से सामान निकालकर फेंकने के कोई निशान नजर नहीं आए. जिसे देखते हुए वहां पर मौजूद गार्ड के माध्यम से चोरी हुए स्टेटर वार क्वायल को चुराकर बाहर ले जाना अथवा फेंकना की घटना रिक्रियेट कराई गई. परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर इस नतीजे पर पहुंचाय गया कि किसी बाहरी व्यक्ति के द्वारा दूसरी मंजिल तक चढ़ना और स्टोर में रखे उपकरणों को चुरा ले जाना संभव नहीं है. लिहाजा तत्कालीन और वर्तमान दोनों स्टोर प्रभारी के विरुद्ध धारा 316 2-5 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण दर्ज करते हुए विवेचना शुरु कर दी गई.

# स्मार्ट सिटी को मिला एसोचैम नेशनल वाटर अवार्ड

## नई दिल्ली में आयोजित समारोह में महापौर व टीम ने प्राप्त किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 दिसम्बर. सतना स्मार्ट सिटी ने एसोचैम नेशनल वाटर अवार्ड प्राप्त करने में सफलता हासिल की है। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में महापौर व स्मार्ट सिटी सतना की टीम ने यह सम्मान प्राप्त किया।**

एसोचैम एवं जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में नेशनल वाटर अवार्ड की अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन नई दिल्ली में किया गया । अवॉर्ड सेरेमनी के मुख्य अतिथि डॉ राज भूषण चौधरी केंद्रीय राज्य मंत्री जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार रहे एवं पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय सामाजिक कार्यकर्ता, राजीव मित्तल डायरेक्टर जनरल जल शक्ति मंत्रालय, कमल किशोर मिशन डायरेक्टर जल जीवन मिशन , अर्चना वर्मा एडीशनल सेक्रेट्री नेशनल वाटर मिशन, ममता वेंकटेश वाइस प्रिसेंडेट स्टार्टअप इंडिया मुख्य रूप से शामिल रहे । इस अवॉर्ड में 05 कैटिगरी शामिल की गई थी। जिसमें वाटर




मैनेजमेंट विदिन प्लांट प्रीमिसेस, वाटर फॉर कम्युनिटी सीएसआर इनिटिएटिव्स बाय इंडस्ट्रीज, एक्सीलेंस इन अर्बन वाटर मैनेजमेंट, इनोवेटिव वाटर टेक्नोलॉजी और एक्सीलेंस इन रैन वाटर हार्वेस्टिंग सम्मिलित रहे। इन कैटिगरी में देश की विभिन्न शासकीय एवं व्यावसायिक इकाईयों ने पार्टीसिपेशन किया। 08-09 दिसंबर को नई दिल्ली में दो दिवसीय अवॉर्ड सेरेमनी में महापौर योगेश ताम्रकार, सतना स्मार्ट सिटी से सीएफओ सत्यम मिश्रा ,मैनेजर ई गवर्नेंस दीपेंद्र सिंह राजपूत एवं उपयंत्री विद्युत अश्विनी सिंह ने शामिल होकर अवॉर्ड सम्मान प्राप्त किया ।

### वाटर स्काडा प्रोजेक्ट

सतना स्मार्ट सिटी ने वाटर स्काडा प्रोजेक्ट द्वारा अर्बन वाटर मैनेजमेंट केटेगरी में अवॉर्ड में पार्टीसिपेट किया । वाटर स्काडा प्रोजेक्ट की आईटी आर ओ एन एप्लीकेशन द्वारा ट्रांसमिशन लाइन के वाटर लॉस एनालिसिस एवं डब्लू टी पी में सेंसर द्वारा वाटर क्वालिटी मॉनिटरिंग के लिए सतना स्मार्ट सिटी को एक्सलेंस इन अर्बन वाटर मैनेजमेंट की कैटिगरी में अवॉर्ड हेतु सिलेक्ट किया गया।

### सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी कमेटी की बैठक 13 को

**सतना 09 दिसम्बर.** सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश अभय मनोहर सप्रेजी 13 दिसम्बर को जिले के प्रवास पर रहेंगे। सेवानिवृत्त न्यायाधीश श्री अभय मनोहर सप्रेजी की अध्यक्षता में 13 दिसम्बर को प्रात: 11.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सुप्रीम कोर्ट रेड सेफ्टी कमेटी की बैठक आयोजित की जायेगी। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने क्षेत्र से संबंधित ब्लैक स्पाट एवं रोड सेफ्टी की जानकारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# व्यंकट-2 में कबड्डी का नि :शुल्क प्रशिक्षण बंद

## कलेक्टर और डीईओ के आदेश की खुलेआम अवहेलना

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 दिसम्बर. शा.उ. मा.वि. पीयम श्री वेकंट क्रमांक 2 की प्राचार्य के द्वारा मनमानी तरीके से कबड्डी खेल को बंद कर दिया गया है.**

वेकंट क्रमांक स्कूल 2 में विगत 5 वर्षो से जिला खेल कबड्डी एकेडमी सतना के द्वारा कबड्डी का प्रशिक्षण स्कूल के बच्चों और सतना जिले के ग्रामीण क्षेत्र के गरीब खिलाडियों को कोच मिथलेश चतुर्वेदी के द्वारा नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा था जिसे प्रभारी प्राचार्य ने बंद कर दिया गया है । जबकि कलेक्टर सतना के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जिला खेल कबड्डी एकेडमी सतना को खेल मैदान देने के आदेश दिए थे। लेकिन प्रभारी प्राचार्य कलेक्टर और डीईओ के आदेश की खुलेआम अवहेलना कर रही हैं जबकि कलेक्टर सतना ने स्कूल में आकर के स्कूल में कबड्डी एकेडमी को प्रशिक्षण देने का मौखिक आदेश दिया था इसके बावजूद भी प्रभारी प्राचार्य के द्वारा खेल प्रारम्भ नहीं किया है। प्राचार्य के द्वारा कबड्डी ग्राऊंड में गिट्टी डलवा दी गई है प्राचार्य के द्वारा जो काम नगर निगम व पी डबल्यू डी का है रोड बनाने का वह काम मनमानी तरीके से प्राचार्य के द्वारा करवा जा रहा है न किसी का टेन्डर है ना विभागीय अधिकारियों का आदेश फिर भी मनमानी तरीके से शाला विकास की रकम को उडाया जा रहा है।

### मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 16 को

**सतना 09 दिसम्बर** 2025/निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है। आयोग द्वारा संशोधित समय सारणी के अनुसार अब मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन 16 दिसम्बर को किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने बताया कि सभी रिटर्निंग आफीसर 11 दिसम्बर तक गणना पत्रक का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर लें। 12 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक अंतिम मतदाता सूची का प्रारूप तैयार कर लें।

# एनएच-27 पर जानलेवा गड्ढा हो सकता है दुघर्टना का कारण

## नगर निगम की अनदेखी पड़ सकती है भारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 दिसम्बर. पिछले दिनों सीवर लाइन के लिए एन एच 27 में औद्योगिक नगर से लेकर ट्रासपोर्ट नगर मजबूत बनी सी सी सड़क के बडे भाग को तोड़ा गया था.उचित ढ़ग से सड़क का रिस्टोरेशन नहीं किए जाने के कारण वर्तमान में सड़क में कई स्थानों पर जानलेवा गड्ढें हो गए हैं,जिनमें आए दिन दोपहिया वाहन के सवार दुर्घटनाग्रस्त हो रहे है.**

गौरतलब है कि शहर में सीवर लाइन डालने के लिए बडे पैमाने पर सीसी सड़कों को खोदकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया था.इसके बाद स्थानीय संविदाकारों के माध्यम से सड़कों को रिस्टोरेशन का काम कराया गया.बिना निगरानी के रात में किए गए इस प्रकार के कामों की गुणवक्ता को लेकर शुरू से ही प्रश्नचिन्ह लगाए जाते रहे हैं.वर्तमान हालत यह है कि रीवा रोड़ से औद्योगिक नगर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क जिला उद्योग संघ कार्यालय के पास सीसी सड़क में इतना बड़ा गड्ढा हो गया है कि उसमें आए दिन दोपहिया और चार पहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं.इस ओर स्थानीय लोगों ने कई बार नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकर्षित कराया पर कोई महत्व नहीं दिया गया. बताया जाता है कि इस मार्ग का रिस्टोरेशन जिस एजेन्सी ने किया है उसने कई स्थानों पर ऐसे गड्ढें छोड दिए हैं. औद्योगिक नगर से लेकर ट्रासपोर्ट नगर तक गहिरानाला से नई बस्ती इसके आगे वाणसागर कालोनी,ट्रासपोर्ट नगर शिव मंदिर के सामने तथा जेल रोड़ के पास भी ऐसे ही जानलेवा गड्ढें हैं जिनका रिस्टोरेशन किया जाना जरूरी है.



### एक नजर में



### वस्त्र बैंक ने जरूरतमंदों को बांटे कपड़े

**सतना।** जिला अस्पताल परिसर में सेवा संकल्प वस्त्र बैंक द्वारा जरूरतमंद लोगों को वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. दीपक सोई एवं डॉ. श्रीमती मनीषा सोई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किए गए। सेवा संकल्प वस्त्र बैंक द्वारा यह सेवा सामाजिक सहयोग और मानवीय संवेदनाओं के साथ निरंतर संचालित की जा रही है। इस दौरान सुरेश बड़ेरिया श्याम लाल गुप्ता श्यामू अन्नू अग्रवाल खुशबू पांडेय मिथलेश विश्वकर्मा मनोज सहित उपस्थित रहे।



### एकेएस में मना स्थापना दिवस

**सतना।** ए.के.एस. विश्वविद्यालय का आज का प्रांगण एक अपूर्व दिव्यता एवं द्विगुणित उत्सव का अभूतपूर्व साक्षी बना—जब विश्वविद्यालय स्थापना दिवस और माननीय कुलाधिपति श्री बी.पी.सोनी जी का जन्मदिन एक ही दिवस पर सुशोभित होकर समूचे विश्वविद्यालय परिवार के लिए सौभाग्य का पर्व बन गया। प्रात: 10 बजे से ही सम्पूर्ण परिसर ॐशुभम् भवतुॐ की मंगलध्वनियों से गूँज उठा। शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अधिकारियों ने आदरणीय कुलाधिपति महोदय को चिरायु, यशोवर्धन और आरोग्यप्राप्ति की पावन वैदिक शुभकामनाएँ अर्पित कीं। उत्सव का वातावरण ऐसा दीप्तिमान था मानो विश्वविद्यालय स्वयं अपने संरक्षकपुरुष के अभिनंदन में स्वर्णप्रभा से आलोकित हो उठा हो। ज्ञानदीप से प्रज्वलित स्थापना दिवस - एक स्वप्न के साकार होने की यात्रा।

### रीवा मुम्बई यात्री गाड़ी नियमित हो : सुरेंद्र



**सतना.** जदयू राष्ट्रीय कार्यसमिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने रेल मंत्री को प्रेषित अपने पत्र में अनुरोध किया है की नए वर्ष में रीवा मुंबई यात्री गाड़ी संख्या 02187/88 रीवा सीएसएमटी साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल का संचालन यात्रियों की संख्या और सुविधा को देखते हुए हर तीन तीन माह बढ़ाने के वजाय इस यात्री गाड़ी को स्थाई रूप से नियमित संचालित करने का आदेश दे जिससे यह गाड़ी नियमित हो सके क्योंकि इसके संचालन का बतौर ट्रायल लंबे समय से सफलतापूर्वक हो रहा है रेल मंत्री इस जन सुविधा से क्षेत्र वासियों की आपेक्षा को शीघ्र पूरा करे।



# नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 दिसम्बर. स्व. विष्णुकांत त्रिपाठी की पुण्य स्मृति में आयोजित श्रीद भागवत कथा में भागवताचार्य गौकरणाचार्य जी महाराज ने कथा के चतुर्थ दिवस की कथा में बताया कि। भूभार हरण करने के लिए होता है परमात्मा का अवतार होता है।**

अनन्तकोटि ब्रह्मांडनायक नायक सच्चिदानंद परब्रम्ह परमात्मा नटवर नागर श्री कृष्ण के जन्म की कथा का श्रवण करना प्रारंभ किया कथा मंडप में आनंद ही आनंद छा गया श्रद्धालु खुशी से झूमने लगे और आतिशबाजी के बीच बधाई गूंजने लगी श्रद्धालुओं को भी श्री कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कथा व्यास गोकर्णनाचार्य जी ने बताया कि भगवान के जन्म के समय जिस तरह कारगर के ताले खुल गए थे उसी तरह उनकी भक्ति से मोह माया के बंधन से भी मनुष्य मुक्त हो जाता है प्रभु ने विश्व कल्याण के लिए अवतार लिया था आतताइयों के भार से पीडति पृथ्वी ब्रह्मा जी के पास जाकर अपना भार हरण करने के लिए निवेदन करती है पृथ्वी ने कहा कि है ब्रह्मदेव मैं असुरों के भार से मैं पीडति हो रही हूं मुझे इन असुरों का भार ढोया नहीं जाता अत: हे जगत् पिता मुझे भार मुक्त करने की कृपा करें.आज ललिताम्बा पीठाधीश्वर जगतगुरु श्री श्री 108 श्री जय रामाचार्य जी महाराज , श्री श्री 108 स्वामी श्री धरणीधर आचार्य जी महाराज बड़ा अखाड़ा सोहावल सतना का आगमन हुआ

### सामुदायिक भवन के भूमिपूजन पर भंडारा आज

**सतना, 9 दिसम्बर.** वार्ड क्रमांक 31 में सामुदायिक भवन के भूमि पूजन के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया है भूमि पूजन सतना महापौर योगेश ताम्रकार करेंगे। वार्ड के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे है । भंडारा बुधवार 10 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से 5 बजे तक होगा ।कार्यक्रम स्थल वार्ड क्रमांक 31 काली मंदिर सांई कॉलोनी जवाहर नगर है । सांई कॉलोनी काली मंदिर के सभी सहयोगी भक्तजन उपस्थित रहेंगे।

# ननि की जन सुनवाई में पहुंची 38 शिकायतें

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 दिसम्बर. राज्य शासन के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम सतना में मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर राजेश चतुर्वेदी अध्यक्ष नगर पालिक निगम एवं आर.पी. सिंह कार्यपालन यंत्री उपस्थित रहे।**

जन-सुनवाई में 38 आवेदन प्राप्त हुए। विभागवार जानकारी के अनुसार अतिक्रमण से संबंधित



01 आवेदन, पेयजल से संबंधित 06 आवेदन, सड़क प्रकाश व्यवस्था से संबंधित 01 आवेदन, जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित 06 आवेदन, सामान्य प्रशासन से संबंधित 04 आवेदन, विकास कार्य से संबंधित 10 आवेदन, सम्पत्ति कर से संबंधित 02 आवेदन, साफ-सफाई से संबंधित 03 आवेदन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के 05 आवेदन प्राप्त हुए।

# फ़ाइलेरिया उन्मूलन पर ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 9 दिसम्बर. शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, सतना के सामुदायिक आयुर्विज्ञान विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन विषय पर एक महत्वपूर्ण ओरिएंटेशन कार्यशाला का आयोजन विश्व स्वास्थ्य संगठन मध्यप्रदेश राज्य कार्यालय के सहयोग से किया गया।**

कार्यशाला के मुख्य वक्ता डॉ. देवेंद्र सिंह टोमर, कंसल्टेंट, हझष्ठ



डिवीजन रहे। उन्होंने प्रदेश में फाइलेरिया की वर्तमान स्थिति, प्रमुख चुनौतियाँ तथा उन्मूलन हेतु आवश्यक भविष्य की रणनीति पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने ज़ोर दिया कि प्रभावी अभियान, डेटा-आधारित निगरानी और विभागों के बीच मजबूत समन्वय इस मिशन की सफलता की कुंजी हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. अम्बरीश मिश्रा, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, सामुदायिक आयुर्विज्ञान विभाग, द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य, प्रमुख गतिविधियों तथा स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग और के साथ हो रहे सहयोगात्मक प्रयासों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीन डॉ. एस.पी. गर्ग ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन जैसे जनस्वास्थ्य अभियानों को गति देने के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का नियमित आयोजन आवश्यक है।